परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती
उत्तर प्रदेश पुलिस

दिनांक
12-07-2025

प्रेस विज्ञप्ति

- **श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत मण्डलायुक्त बस्ती एवं डीआईजी बस्ती द्वारा अधिकारीगण के साथ भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर का किया गया भ्रमण।**
- **भदेश्वरनाथ मंदिर से अयोध्या बॉर्डर तक कावंड़ यात्रा मार्ग का बस द्वारा भ्रमण कर लिया गया जायजा।**
- **संबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 12.07.2025 को मण्डलायुक्त बस्ती श्री अखिलेश सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा जिलाधिकारी बस्ती श्री रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री अभिनंदन व अन्य अधिकारियों के साथ श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया गया। मण्डलायुक्त व डीआईजी बस्ती द्वारा कांवड़ यात्रा, श्रावण मेला,रुट डायवर्जन,बैरिकेडिंग,पार्किंग व श्रद्धालुओ के भीड़ के दृष्टिगत सभी तैयारियां की समीक्षा कर सभी संबधित विभाग को समस्त शेष कार्य समय से पूर्व करा लेने , सीसीटीवी लगाने, दो पहिया/चार पहिया वाहनों की अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था करने, महिला-पुरुष दर्शनार्थियों की प्रवेश व निकास हेतु अलग-अलग लाइन की व्यवस्था करने, पर्याप्त पुलिस बल (महिला,पुरुष) की ड्यूटी ब्रीफ कर शिफ्टवार लगाने, ड्रोन कैमरा से निगरानी करने, गर्भगृह में सादे वस्त्रों में पुलिस बल की ड्यूटी लगाने, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य दल एवं एंबुलेंस सेवा को तैनात करने, सड़क मार्ग में बने गड्ढो को भरने, बिजली के खंभों की गार्डिंग करने,जनपद/मंदिर परिसर को जोन व सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेट/अधिकारीगण को नियुक्त करने आदि हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। तत्पश्चात सभी अधिकारीगण के साथ कांवड़ यात्रा के सुगम संचालन, श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं के मद्देनजर भदेश्वर नाथ मंदिर से अयोध्या बार्डर तक बस द्वारा भ्रमण कर कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले प्रमुख स्थलों, विश्राम स्थलों, जलापूर्ति केन्द्रों, चिकित्सा सहायता बिंदुओं, सुरक्षा चेक पोस्ट एवं यातायात व्यवस्था की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। डीआईजी बस्ती द्वारा सभी को स्थानीय प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, यातायात , अग्निशमन,

विद्युत,पीडब्लूडी एवं अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि श्रद्धालुओं/ कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी श्री प्रतिपाल सिंह चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री ओमप्रकाश सिंह , मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, डीपीआरओ, क्षेत्राधिकारी सदर श्री सत्येन्द्र भूषण तिवारी , प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ,यातायात प्रभारी व पुलिस/अन्य विभाग के अधि0/ कर्म0गण मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल

रेंज कार्यालय, बस्ती।